**न्यूज ब्रीफ**

### दरवाजे से ही प्रधान की मोटरसाइकिल चोरी

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** शुक्रवार की रात अतरौली थाना क्षेत्र के गांव गोड़वाखेम के प्रधान सुशील सिंह के दरवाजे से उनकी बाइक को चोरी हो गई। प्रधान ने बताया कि शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे दरवाजे पर बैठा था, उसके बाद घर में सोने के लिए चला गया था। शनिवार सुबह दरवाजे से बाइक गायब थी। प्रधान ने बताया कि आसपास गांव के ही संदिग्ध तीन लोगों पर बाइक चोरी की शंका है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सोता रहा परिवार, चोर ले गए जेवरात व नकदी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादीपुर के मजरा बेलंद खेड़ा निवासी सुरेश अपनी पत्नी भगवान देई व बेटी के साथ शुक्रवार रात खाना खाने के बाद सो गए। इसी दौरान अज्ञात चोर पीछे के रास्ते घर में घुस आए और इत्मीनान से बक्सों का ताला तोड़ा और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात व 60 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर मकान मालिक ने सामान बिखरा देखा तो उसे घटना की जानकारी हुई। सुरेश ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बेहटा मुजावर एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में राजमिस्त्री की मौत, श्रमिक घायल

**हरदोई।** राजमिस्त्री और मज़दूर दोनों बाइक से काम पर जा रहे थे, उसी बीच रास्ते में नकटौरा गढ़िया के पास बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गए, जिसमें बाइक चला रहे राजमिस्त्री की मौत हो गई, जबकि मज़दूर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। लोनार थाने के नेवादा निवासी 36 वर्षीय विवेक कुमार पेशे से राजमिस्त्री था, वहीं उसी थाने के धाकड़ पुरवा निवासी 30 वर्षीय कल्लू मज़दूरी करता है, दोनों हरपालपुर थाने के सेमरिया गांव में काम कर रहे थे।

# बहू की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी रेलकर्मी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहा था लखनऊ, बाएं पैर में लगी गोली

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी की पिटाई के दौरान नशेड़ी जेठ ने बीच-बचाव करने पहुंची बहू की गोली मार कर हत्या कर दी और भाग निकला। केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने उसे घेर लिया। वह लखनऊ भागने की फिराक में था। पुलिस से खुद को घिरता देख आरोपी ने गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बताते चलें कि कछौना कोतवाली के प्रताप पुर मजरा टिकारी निवासी राजकुमार रेलवे में गैंगमैन है और बालामऊ रेलवे क्वार्टर में पत्नी किरन के साथ रहता है। जहां 9 मार्च को दोनों में झगड़ा हो गया था। विवाद



मुठभेड़ में गोली लगने से घायल आरोपी को अस्पताल लेकर जाती पुलिस।

शांत कराने के इरादे से राजकुमार के छोटे भाई रामसेवक की पत्नी मंजू देवी जेठानी किरन को अपने साथ प्रतापपुर लिए गई थी। शुक्रवार की शाम राजकुमार नशे की हालत में प्रतापपुर पहुंचा और पत्नी किरन की पिटाई करने लगा। जेठानी को बचाने के लिए मंजू देवी आगे आ गई और बीच-बचाव करने लगी। उसी बीच राजकुमार ने मंजू को तमंचे से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस भाई रामसेवक की तहरीर पर राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे ढूंढ रही थी। उसी बीच राजकुमार के सुठेना रेलवे फाटक की तरफ से पैदल आने की खबर मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर दी, पकड़े जाने के डर से राजकुमार ने गोली चला दी, जवाब में पुलिस की तरफ से चली गोली बाएं पैर में लगी और गिर पड़ा। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस के दो खोखे बरामद किए है।

### धोखे से नहीं, हत्या के इरादे से मारी थी गोली

जैसा कि पहले कहा जा रहा था कि आरोपी जेठ राजकुमार के हाथ से चली गोली धोखे से बहू मंजू देवी के लगी थी, लेकिन उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की बात करें तो बड़ी नज़दीकी से कमर के बीचो-बीच मारी गई गोली अंदर-अंदर पार करते हुए उसके बाएं ब्रस्ट में फंस गई थी। रिपोर्ट के दूसरे पहलू पर गौर करें तो गोली धोखे से नहीं बल्कि जानबूझ कर चलाई गई थी। पोस्टमार्टम से पहले शव का 100 बेड हास्पिटल में एक्स-रे कराया गया, जिसमें गोली फंसी हुई दिखाई गई थी।

### पुलिस की टीम-8 ने आरोपी को दबोचा

हरदोई। कछौना पुलिस की जिस टीम-8 ने बहू के हत्यारोपी जेठ को दबोचा उसकी अगुवाई एसएचओ कछौना एसआई अमित सिंह कर रहे थे। साथ में एसआई राजेश कुमार, एसआई शुभम मिश्रा, एसआई शिव बाबू, हेड कांस्टेबल अरविंद, हेड कांस्टेबिल अखण्ड प्रताप, कांस्टेबल बंटी और कांस्टेबल तूफान सिंह शामिल रहे।

# बाइक सवार वृद्ध की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बाज़ार से सब्ज़ी खरीद कर घर लौट रहे हेलमेट लगाए बाइक सवार को सामने से आ रही बेकाबू बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरा और सिर में गहरी चोंट पहुंचने से बेहोश हो गया, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

साण्डी थाने के नयागांव निवासी 59 वर्षीय विजय सिंह यादव खेती-बाड़ी करता था। गुरुवार की शाम को वह हेलमेट लगा कर बाइक से सब्ज़ी खरीदने साण्डी की बाज़ार पहुंचा और वहीं से वापस घर जा रहा था, उसी बीच रास्ते में बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर नयागांव मोड़ पर पहुंचते ही सामने से आ रही बेकाबू बाइक की टक्कर लगते ही हेलमेट लगाए विजय सिंह उछल कर सड़क पर और उसका हेलमेट उससे दूर जा गिरा, सड़क पर गिरने से सिर में गहरी चोंट पहुंचने से बेहोश हो गया, उधर से निकल रहे कुछ राहगीरों ने उसकी पहचान कर उसके घर वालों को सूचना दी। विजय को वहां से उठा कर सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। विजय सिंह के परिवार में पत्नी विद्या देवी के अलावा दो बेटे व दो बेटियां है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।



विजय की फाइल फोटो।

### बाइक की चपेट में आने से घायल महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला खेत से घर जा रहघ थी, उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह ज़ख्मी हो गई थी। महिला को मेडिकल कालेज से लखनऊ रिफर कर दिया गया था, जहां बलरामपुर हास्पिटल में उसकी शुक्रवार को मौत हो गई। बताते है कि साण्डी थाने के चौधरियापुर गांव निवासी सुंदरलाल की 45 वर्षीय पत्नी घुन्ना देवी 3 मार्च को खेत पर गई हुई थी, वहीं से पैदल घर लौटते हुए सड़क पार करने लगी, उसी बीच पीछे से आ रही तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। घर वाले उसे तुरंत मेडिकल कालेज ले कर पहुंचे, जहां से उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, लेकिन घर वालों ने उसे बलरामपुर हास्पिटल में भर्ती करा दिया, जहां इलाज चल रहा था, शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहां पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को उसका शव गांव पहुंचते ही वहां कोहराम बरपा हो गया। घुन्ना देवी के तीन बेटे हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घुन्ना देवी की फाइल फोटो।

# साइबर ठगों ने बाइक मैकेनिक के खाते से उड़ाये तीन लाख रुपये, नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** साइबर धोखाधड़ी कर बाइक मैकेनिक के खाते से दो लाख 95 हजार रुपये पार कर दिये। जब पीड़ित ने बैंक से पता किया तो अलग -अलग ट्रान्जेक्शन से औरा गोल्ड नाम की कम्पनी को सारी रकम ट्रान्सफर हुई। पुलिस ने मामले में पानो देवी नाम के व्यक्ति के द्वारा रूपये निकालने की रिपोर्ट दर्ज की थी। एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी पुलिस साइबर ठग से दूर बनी हुई है।

मल्लावां कस्बे के मिर्ज़ापुर निवासी मो. एतिशाम ने पुलिस को दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि वह बाइकों की मरम्मत कर घर चलाता है, बचत का रुपया इंडियन बैंक शाखा मल्लावां में जमा कर रखा था। 26 जनवरी को उसके खाता से एक रुपया कटने का मैसेज आया, ज़ब 3 मार्च को बैंक जाकर बैलेंस चेक कराया तो पता चला अलग -अलग ट्रान्जेक्शन के माध्यम से 2,95,788 रूपये औरा गोल्ड नाम की कम्पनी को ट्रान्सफर हुए है, ज़बकि उसके द्वारा कोई ट्रान्जेक्शन नहीं किया गया। औरा गोल्ड कम्पनी के कस्टमर केयर से बात करने पर पता चला कि आपका पैसा पानो देवी नाम से संबंधित व्यक्ति के खाते व संबंधित जियो पेमेंट लि. तथा मोबाइल नंबर द्वारा निकाले गए है। उसके साथ आनलाइन धोखाधडी कर साइबर फ्राड करके 2,95,788 उड़ा लिए गए। मल्लावां पुलिस ने एक माह पूर्व मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही न होने से परेशान होकर, पुलिस अधीक्षक की चौखट पर 25 फरवरी को गया था, तब से 15 दिन बीत चुके है लेकिन अभी तक पुलिस साइबर ठगो से दूर बनी हुई है। ऐसे में परेशान होकर रुपये वापस मिलने की चाहत में दर -दर भटक रहा है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया मामले में छानबीन की जा रही है जल्द ही साइबर ठग सलाखों के पीछे होंगे।

# ट्राली पलटने से श्रमिक की मौत, 6 घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें ट्राली पर सवार एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं 6 मजदूर घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जहां दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी है।

बेहटामुजावर थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण लगभग समाप्त होने को है। कार्यदाई संस्थाएं कार्य को अंतिम रूप देने में लगी हैं। शनिवार दोपहर ट्रैक्टर ट्रॉली से लोहे के एंगल लादकर मजदूर प्रयागराज से मेरठ जा रहे थे। तभी



एक्सप्रेस-वे पर पलटी पड़ी ट्रैक्टर-ट्राली।

निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव के सामने अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इससे ट्राली कपलिंग तोड़कर पलट गई। इससे ट्राली में बैठे मजदूरों में चीख पुकार मच गई। इसमें लखीमपुर खीरी जिले के हैदराबाद थानाक्षेत्र के रामखेड़ा गांव निवासी मजदूर अंशुमान (19) पुत्र विजयपाल की मौत हो गई। वहीं प्रियांशु (21), उसका भाई आशीष (20) निवासी नन्हीकटीघरा थाना मोहाली जिला सीतापुर, सत्येंद्र (22) निवासी लखीमपुर खीरी, रवि (19) निवासी बिलगमा सीतापुर व अंशू (19) निवासी रामखेड़ा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां सत्येंद्र व रवि की हालत गंभीर बनी है। अंशुमान की मौत से बड़ा भाई मुकेश व मां बाटू देवी बेहाल हैं। भाई मुकेश ने बताया कि 4 दिन पहले ही भाई व रिश्तेदारों के साथ काम करने आए थे। घटना के समय मुकेश भी साथ में था। लेकिन वह ट्रैक्टर में बैठा था इससे वह बच गया। अंशुमान ट्रॉली पर था इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घायलों का इलाज जारी है। घटना के बाद चालक फरार है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# बेकाबू ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** सवारियों के इंतजार में खड़े ऑटो चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के तकिया गांव निवासी मुजीब (45) पुत्र स्व. मजीद ऑटो चला कर परिवार पालता था। शनिवार सुबह वह रोज की तरह थानाक्षेत्र के बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर तकिया चौराहा के पास ऑटो किनारे खड़ा कर सवारियां बैठा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक उसे रौंदते हुए भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए।



मौके पर मौजूद पुलिस व लोग व मुजीब की फाइल फोटो।



उसकी मौत से पत्नी जनतुम व बेटे अदिल, सुहैब व बेटी अलिजा रो-रोकर बेहाल हैं। भतीजे राजू ने बताया कि वह 7 भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उसने आरोप लगाया कि चौराहा पर कभी पुलिस नहीं रहती है। इससे वहां जाम लगता है और हादसे भी होते हैं। भतीजे ने बताया कि ट्रक का नंबर मिला है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के चकपीर नगर निवासी राम सिंह पुत्र चिरंजू, खोया बेचने का कार्य करता है। शनिवार को वह बाइक से जा रहा था। तभी टोल नाका के पास उसकी बाइक में सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें राम सिंह घायल हो गया। वहीं मामूली चोटहिल दूसरा बाइक सवार मौके से चला गया। वहीं, एक अन्य हादसे में आगरा जिले के बाह थानाक्षेत्र के गांव विजयगढ़ी निवासी बीपी सिंह पुत्र तारा भी गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## महिला से दोस्ती पड़ी महंगी, लगी चपत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** एक युवक को महिला से मोबाइल पर दोस्ती करना और उससे बात करना महंगा पड़ गया। महिला ने दोस्ती करके मीठी-मीठी बातें की और अपने अकाउंट में दो लाख 57 हजार ले लिए। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला होली कलां निवासी सत्यम श्रीवास्तव के अनुसार एक महिला ने दोस्त बनकर उसके साथ साइबर ठगी की। सत्यम श्रीवास्तव के अनुसार उसने क्रमशः महिला के खाते में 9000, 23,000, 25000, 80 हजार एवं 50 हजार रुपये अलग-अलग खातों में डाले। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ तो साइबर ठगी हुई है।

# मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिबरामऊ में रास्ते में भैंस बांधने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम छिबरामऊ निवासी पुष्पा देवी पत्नी रामतीर्थ ने कोतवाली बिलग्राम में दी गई शिकायत में बताया कि उनके परिवार के ही राजेश, नन्हके पुत्रगण गंगाराम तथा पूजा पत्नी राजेश उनके मकान के आने-जाने के रास्ते में भैंस बांधते हैं, जिससे अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। आरोप है कि 4 मार्च 2026 की सुबह करीब 5 बजे विपक्षी उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उस समय वह घर पर अकेली थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर जब उसके पति रामतीर्थ मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़िता की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के आदेश पर राजेश, नन्हके और पूजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चार माह बाद दर्ज हुआ हादसे में मौत का मुकदमा

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम नरा मंदनापुर में सड़क हादसे में युवक की मौत का मुकदमा चार माह बाद शुक्रवार को दर्ज हो गया है। दर्ज मुकदमें में टक्कर मारने वाले वाहन और चालक का पता अज्ञात हैं जिसका पता पुलिस लगा रही है। ग्राम नरा मंदनापुर निवासी आसिमी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीते 17 नवम्बर 2025 को उसका भाई अंशू (25) और पिता महेश (55) बाइक से भंभरौली जा रहे थे। रास्ते में अतरौली कोथावां रोड पर बौरियाखेड़ा के सामने अज्ञात वाहन और अज्ञात चालक ने तेज रफ्तार लापरवाही से आकर मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे भाई अंशू की मौके पर ही मौत हो गयी।

# पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के आरोपी की पत्नी की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट में आई आरोपी की पत्नी की 16वें दिन लखनऊ में दौरान इलाज मौत हो गई। साण्डी के मोहल्ला खिड़किया के एक मकान में पटाखे का गोदाम था, जिसमें विस्फोट होने से दो महिलाएं झुलस गईं थी। पुलिस ने दोनों महिलाओं के पति व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, दो महिलाओं में से एक की शुक्रवार को मौत हो गई। बताते चलें कि खिड़किया निवासी दिलशाद आतिशबाज़ के मकान में पटाखे का गोदाम था, जिसमें 26 फरवरी की शाम को विस्फोट होने से उसकी पत्नी शाज़िया (48) और 35 वर्षीय रूबिया पत्नी इरशाद घायल हो गईं थी। मकान भी ज़मीदोज़ हो गया था। शाज़िया और रूबिया को सीएचसी साण्डी से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था, जहां शुक्रवार को 16 वें दिन शाज़िया की मौत हो गई। पुलिस ने कस्बा चौकी प्रभारी एसआई श्याम बाबू की तहरीर पर विस्फोट मामले में दिलशाद, इरशाद और एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़ंजा लगने को बंद किया वैकल्पिक मार्ग

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** वैकल्पिक मार्ग पर खड़ंजा लगाने का काम शुरू होने से पीडब्ल्यूडी ने इस मार्ग पर आवागमन बंद किया है। बता दें कि बीते वर्ष बाढ़ से कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग कट गया था। जिससे आवागमन बंद हो गया था। लोक निर्माण विभाग ने समस्या के निराकरण के लिए कच्चा वैकल्पिक मार्ग बनाकर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू कराया था। मार्ग पर बालू, मिट्टी की भरमार होने से हल्के वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। इससे लोगों को कठिनाई हो रही थी। पीडब्ल्यूडी ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए शनिवार को वैकल्पिक मार्ग पर खडंजा लगाने के काम शुरू किया है। खडंजा लगाने का काम होने से वैकल्पिक मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा।

# होटल के कर्मियों को बनाया बंधक

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश को लेकर साथियों के साथ तमंचा लेकर ओयो होटल में युवकों ने होटल के कर्मचारियों ने अंदर बंद कर लिया। इसके बाद मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस की संयुक्त टीम ने तमंचा सहित एक युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। बाकी भागने में सफल रहे। इस मामले में पुलिस ने खेल खेलना भी शुरू कर दिया। क्लब होटल के संचालक की तहरीर बदलवा कर पकड़े गए युवक को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की बात कही है।

सांडी थाना क्षेत्र के कटरा-बिल्हौर हाई-वे पर जलपीपुर गांव के पास होटल का संचालन है। शनिवार की दोपहर बरंडारी गांव निवासी दिलीप कुमार अपने साथियों के साथ होटल में आया और तमंचा निकाल कर कर्मचारियों को धमकाने लगा।इसी बीच मौका पाकर होटल के कर्मचारियों ने बाहर से ताला लगा दिया। इसके बाद मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने पहुंचकर युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। होटल मे लगे सीसीटीवी कैमरे का डिबीआर भी पुलिस साथ ले आई। बाकी साथी भागने में सफल रहे इस मामले को दबाने के लिए पुलिस ने खेल खेलना शुरू कर दिया है। होटल के संचालक सांडी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गोवा गांव निवासी हिटलर शाही ने बताया कि पहले तहरीर में तमंचे का जिक्र किया। इसके बाद पुलिस ने धमका कर तहरीर बदलवा दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बसंत राम कुशवाहा ने बताया मामले को देखा जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुबोध कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जानकारी की जा रही है जांच कर कार्यवाही कि जाएगी।

### नशे की हालत में घर पहुंचे युवक ने पत्नी से विवाद के बाद लगा ली फांसी

**हरदोई, अमृत विचार।** नशे की हालत में दावत से घर पहुंचा पति मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली के तार छूने लगा। पत्नी ने रोका तो उससे विवाद करते हुए उसकी चूड़ियां तोड़ दी। इसके बाद कमरा बंदकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। घर वालों ने दरवाजा तोड़कर उसे सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया, लेकिन उसी बीच मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। सवायजपुर कोतवाली के खालेपुरवा मजरा बरसोहिया निवासी राजीव (35) पुत्र जयराम फेरी लगाता था। उसके एक बेटा व दो बेटियां है। शुक्रवार को बड़ागांव के गुड्डू के घर तिलक की दावत थी। राजीव वहां गया था। देर रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा और मोबाइल चार्जिंग पर लगाने के लिए बिजली से छेड़छाड़ करने लगा। पत्नी रूबी ने उसे ऐसा करने से रोका तो नाराज हो गया और झगड़ा करते हुए उसकी चूड़ियां तोड़ने लगा। इसके बाद दूसरे कमरे में जाकर उसका दरवाजा बंद कर लिया और पत्नी के ही दुपट्टे से फांसी लगा ली। राजीव को सीएचसी हरपालपुर ले जाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



**पूर्व** | 19 मार्च से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र

# पालकी पर सवार होकर आएंगी मां

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** हिंदू धर्म के पवित्र पर्व चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष का शुभारंभ इस वर्ष 19 मार्च से हो रहा है। पंचांग के अनुसार तिथियों के संयोग के कारण इस बार नवरात्र 8 दिन के होंगे। क्योंकि अष्टमी व नवमी तिथि एक दिन पड़ रही है। ज्योतिष पंडित ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि चैत्र मास की प्रतिपदा 19 मार्च सुबह 6:40 बजे से शुरू होगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और सतयुग का



पंडित ऋषिकांत मिश्र शास्त्री।



आरंभ हुआ था। इस वर्ष के राजा गुरु व मंत्री मंगल होंगे। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के लिए दो प्रमुख मुहूर्त श्रेष्ठ रहेंगे। पहला सुबह 6:40 से 07:43 बजे तक। यदि सुबह पूजन न हो सके तो दोपहर 12:05 से 12:53 बजे तक कलश स्थापना की जा सकती है। पंडित ऋषिकांत मिश्र शास्त्री के अनुसार इस वर्ष नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहे हैं। इसलिए मां दुर्गा का आगमन पालकी पर माना जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र में मां का पालकी पर आना बड़े बदलावों व नई परिस्थितियों का संकेत माना जाता है। नवरात्र में 9 दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। मान्यता है कि इन दिनों में की गई साधना से घर में सुख-समृद्धि आती है और जीवन की परेशानियां दूर होती हैं।

## पुरोहित के निधन से यजमानों व क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी पुरोहित सुरेश द्विवेदी (65) का बीते शुक्रवार मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिये चढ़ाई चढ़ते समय हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इसकी सूचना पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि वह बीते करीब 3 दशक से शादी विवाह, यज्ञ हवन, पूजन व कथा आदि करते चले आ रहे थे। उन्होंने अपने पिता पंडित जगमोहन द्विवेदी से पुरोहित्व का कार्य सीखा था। पिता के निधन के बाद वह पड़ोसी गांव चहलहा, भुलभुलिया खेड़ा, शिवपुरी, मल्हपुर, मुझैया, मिश्र खेड़ा, खजुरिया, माढ़ापुर, हुसेपुर व सकरौली आदि गावों में पुरोहित का कार्य करते थे। उनके अचानक निधन से उनके यजमानों में शोक है। शनिवार को उनके पार्थिव शरीर का नानामऊ गंगाघाट पर अंतिम संस्कार किया गया।



# अवैध संबंधों के शक में हुई थी वृद्ध की हत्या

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में खेत पर सो रहे वृद्ध की हत्या का पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को खुलासा करते हुए आरोपी को पकड़ा है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल (कुल्हाड़ी) बरामद कर उसे जेल भेजा है।

बता दें कि थानाक्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी कन्हैयालाल (65) 10 मार्च की रात अपने खेत में खड़ी सरसों की फसल की रखवाली करने गए थे। अगले दिन सुबह उनका खून से लथपथ शव खेत में बने कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला था। बेटे राकेश ने जमीनी विवाद में हत्या किए जाने का शक जताते हुए 4 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसपी ने खुलासे के लिए पुलिस के अलावा स्वाट व सर्विलांस टीम को लगाया था। जांच में पुलिस का शक गांव के गुलाब सिंह पर गया। जिसे सयुंक्त टीम ने शनिवार को थानाक्षेत्र के अवस्थी खेड़ा तिराहे के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि कन्हैयालाल उसकी पत्नी से फोन पर बात करता था। इसी शक में उसने 10-11 मार्च की रात खेत पर पहुंचकर कुल्हाड़ी से हमलाकर उनकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि जरूरी कार्रवाई के बाद आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

- पुलिस ने आरोपी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर किया खुलासा

**मुकद्दस रमज़ान**



- 25वां रोज़ा-
- अफ्तार-रविवार 6:17 बजे
- 26वां रोज़ा-
- सहरी-सोमवार 5:01 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### युवती को भगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र से एक युवती को फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित भाई के अनुसार उसकी 20 वर्षीय बहन को 10 मार्च सुबह करीब 5:30 बजे जनपद बदायूं के थाना दातागंज के ग्राम कोली निवासी सतेंद्र कश्यप पुत्र कृष्णपाल भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान से सामान लेने गई किशोरी लापता

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी मोहल्ले की दुकान पर सामान लेने गई लेकिन वापस नहीं लौटी परिजनों ने गुमशुदगी की दर्ज कराई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता के अनुसार 12 मार्च को दोपहर दो बजे उसकी पुत्री मोहल्ले की दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। पिता के अनुसार उसने सभी नाते रिश्तेदारों और पुत्री की सहेलियों के यहां ढूंढा परंतु उसका कोई पता नहीं चल सकता। उसे अपनी पुत्री के साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### थाना दिवस में एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली में शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक संपूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अंकित तिवारी ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित सात शिकायतें आई। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बची हुई शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी ने कहा थाना दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का संबंधित उपनिरीक्षक और बीट प्रभारी मौके पर जाकर निस्तारण करें और सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय सहित समस्त उप निरीक्षक और वीट प्रभारी मौजूद रहे।

# 2319 अभ्यर्थियों का पंजीकरण 1038 नौकरी के लिए शार्टलिस्ट

## राजकीय आईटीआई परिसर में वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** उ.प्र. रोजगार मिशन के तहत एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत, एवं सीडीओ ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथिगणों ने कम्पनियों के काउण्टर पर जाकर उनसे भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गयी। सर्वप्रथम जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह, द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा वृहद रोजगार मेला के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के कुल 38 एचआर प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के लिए पंजीकरण कराने वाले 2319 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 1038 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया।

सीडीओ सान्या छाबड़ा ने अभ्यर्थियों को उनकी योग्यतानुसार सम्बन्धित कान्पनी के काउण्टर पर जाकर साक्षात्कार देने हेतु प्रेरित किया। सण्डीला क्षेत्र की कम्पनियों को इत्त प्रकार के आयोजनों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया, जिससे कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने युवाओं को सरकार द्वारा रोजगार हेतु चलाई जा रही इस प्रकार की योजनाओं में अधिक से अधिक भाग लेने का आह्वान किया। अध्यक्ष ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं हेतु चलाई जा रही कल्याणकारी पहलों के लिए प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष के द्वारा कम्पनियों में चयनित किये गये 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिला कृषि अधिकारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पीडी अशोक कुमार मौर्य, सहायक श्रमायुक्त, तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के मुनेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार गुप्ता, हरीशंकर, राजेश्वर दयाल, पवन कुमार, औसाफ हुसैन, निशात अन्सारी अल्का वर्मा, तथा कौशल विकास से अरविन्द सिंह एवं आईटीआई से आदिल रिजवी व धीरज कुमार मौजूद रहे।



कंपनी के काउंटर पर जाकर जानकारी लेतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व सीडीओ सान्या छाबड़ा।

## घरेलू गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में इन दिनों एलपीजी गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राम रानी गैस एजेंसी पर ताला लगे होने से गैस सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। गैस की आपूर्ति ठप होने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे होटल, ढाबे और चाय की दुकानों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि कई दिनों से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पा रही है।बड़ी संख्या में लोग नगर में स्थित राम रानी गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखी गई। लोगों का कहना है कि पहले ही गैस बुकिंग के बाद कई-कई दिन इंतजार करना पड़ता है, और जब एजेंसी पर आते हैं तो यहां ताला लगा मिलता है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने कहा कि गैस न मिलने से घर का कामकाज प्रभावित हो रहा है। सण्डीला निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने कई दिन पहले गैस बुक कराई थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। वहीं प्रेमा देवी का कहना है कि गैस खत्म होने के कारण उन्हें खाना बनाने में काफी दिक्कत हो रही है और मजबूरन लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है। मास्टर शाहिद ने बताया कि एजेंसी पर कई बार जाने के बाद भी गैस नहीं मिल रही, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

# एसडीएम ने गैस गोदाम का स्टॉक, रजिस्टर देखा



इंडेन गैस गोदाम का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीम अंकित तिवारी।

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** घरेलू गैस की किल्ल्त से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को देखते हुए एसडीएम अंकित तिवारी ने शनिवार को पाली रोड स्थित इंडियन गैस के गोदाम पर रोचक छापेमारी की और स्टॉक तथा रजिस्टर खंगाला। इस मौके पर एसडीएम ने घरेलू गैस की कमी न होने देने का भरोसा दिया है।

एसडीएम अंकित तिवारी ने शनिवार को पाली रोड स्थित इण्डेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। एसडीएम अंकित तिवारी ने उपस्थित गैस उपभोक्ताओं से कहा कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर अनावश्यक घरेलू गैस का स्टॉक न लगाएं जरूरत पर ही अपना सिलेंडर रिफिल करवायें। शाहाबाद में पर्याप्त घरेलू गैस उपलब्ध है। सभी लोग बुकिंग कर घर पर ही गैस प्राप्त करें। उन्होंने गैस एजेंसी के संचालक को सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी दी है किसी प्रकार की शिकायत आने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## आजादी के 78 वर्ष बाद गांव में बनेगी पहली पक्की सड़क



कार्यकम में बोलते अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, कछौना, हरदोई**

- पुलिया का भी होगा निर्माण, विकास की पहली किरण पहुंचने से लोगों में खुशी की लहर

**अमृत विचार।** विकासखंड के कन्हौआ गांव को आजादी के बाद पहली बार पक्की सड़क और पुलिया मिलने वाली है। समसपुर ड्रेन पर आरसीसी पुलिया और लगभग 2 किमी लंबे मार्ग का निर्माण 2 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इससे स्कूली बच्चे, बीमार और ग्रामीणों को बारिश में कीचड़ से राहत मिलेगी।

बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा और एमलसी अशोक अग्रवाल की मेहनत से शासन से मंजूरी मिली। भूमि पूजन में ग्रामीणों का उत्साह चरम पर रहा, जिसमें पीडब्ल्यूडी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ल पंकज, मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह समेत कई नेता शामिल हुए। मुख्य बिंदु परियोजना समसपुर ग्राम पंचायत से कन्हौआ तक, एम्बुलेंस फंसने बच्चों के स्कूल न जाने की समस्या खत्म, शुभारंभ विधायक रामपाल वर्मा और संचित अग्रवाल द्वारा भूमि पूजन। यह विकास कार्य कछौना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत है, जो सालों से सड़क की मांग कर रहे थे। इस अवसर पर शिवम मिश्रा, ओमकार तिवारी नरायनदेव, विनय शुक्ला, अनूप सिंह, प्रधान निर्भय राजवंशी, समसपुर प्रधान मटरू आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर के 10 परीक्षा केंद्रों पर हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** नगर के 10 परीक्षा केंद्रों पर एसआई भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में 3600 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें से 1222 परीक्षार्थी प्रथम पाली में तथा द्वितीय पाली में 1167 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर लगातार निगाह बनाए रखे। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों तथा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। परीक्षा कक्षों में सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिल सका।

नगर के आर्य कन्या महाविद्यालय, सीएसएन पीजी कालेज, गंगा देवी इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय पालीटेक्निक कालेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज बड़ा चौराहा, जीआईसी, जीडीसी, आरआर कालेज तथा वेणी माधव विद्या पीठ में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन परीक्षा केंद्रों पर 3600 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए थे। परीक्षार्थियों को केंद्र ढूंढने में कोई परेशानी न हो इसके लिए पुलिस ने क्यूआर कोड जारी किए थे, जिसमें परीक्षा केंद्रों का मार्ग दिखाई पड़ता था। परीक्षार्थियों को जाम से न जूझना पड़े इसके लिए यातायात पुलिस मुस्तैद रहा। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों के आसपास इंटरनेट फोटो कापी की दुकानें बंद रहीं।



आर्य कन्या महाविद्यालय में कैंट्रोल रूम का निरीक्षण करते एसपी अशोक मीणा।



परीक्षा केंद्र पर महिला परीक्षार्थी की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### बालों में लगे पिन, घड़ी व जेवर भी उतराए गए

**हरदोई।** परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। किसी भी परीक्षार्थी को गहने, घड़ी आदि पहन कर अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। महिला अभ्यर्थियों के बालों में लगी स्टाइलिश पिन भी परीक्षा कक्षों के बाहर निकलवा दी गई।




रोडबस स्टैंड पर लगी भीड़। अमृत विचार

### बसों पर रही परीक्षार्थियों की भीड़

परीक्षा देने के लिए विभिन्न जनपदों से लोग आए हैं, जिसके चलते बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों व उनके परिजनों की भारी भीड़ रही। नगर के तमाम होटलों व रेस्टोरेंटों पर भी पूरे दिन दूसरे जिलों से आए लोगों के चलते भीड़भाड़ बनी रही।

### नि:शुल्क भोजन व रहने का प्रबंध कराया

**हरदोई।** एसएसएन जन कल्याण समिति ने दूसरे जिलों से आए परीक्षार्थियों व उनके परिजनों के लिए राम जानकी मंदिर में रुकने की व्यवस्था कराई। साथ ही नि:शुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया। समिति के लोगों ने यह व्यवस्था दोनों दिन होने वाली परीक्षाओं के लिए की है। रविवार को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा यह सेवा का कार्य किया जा रहा है, जिससे बिना किसी परेशानी के परीक्षार्थी परीक्षा दे सके। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष टीटू गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन, अमित सिंह, पूनम सिंह, पिंकी यादव आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता आधारित संगठन है भाजपा : विजय प्रताप

**संवाददाता, हरदोई,**




प्रशिक्षण अभियान में चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

- प्रशिक्षण वर्गों की प्रगति पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** भाजपा के चल रहे मंडलवार पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत अवध क्षेत्र के महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान संयोजक विजय प्रताप सिंह ने भाजपा जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक की। प्रशिक्षण वर्गों की प्रगति, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और कार्यकर्ताओं के वैचारिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और संगठन की कार्यपद्धति को कार्यकर्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए यह प्रशिक्षण महाभियान संचालित किया जा रहा है। विधायक श्याम प्रकाश ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को कई बारीकियों से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, इतिहास, विचारधारा और जनसेवा के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। बैठक में जिला पदाधिकारी, प्रशिक्षण अभियान से जुड़े पदाधिकारी एवं संचालन टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## अवैध रूप से बेचे जा रहे सिलेंडर जब्त

**संवाददाता, सण्डीला, हरदोई**




- लखनऊ के माल क्षेत्र की एक गैस एजेंसी बेच रही थी घरेलू एलपीजी सिलेंडर

**अमृत विचार।** पूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से बेचे जा रहे 28 सिलेंडरो को कब्जे में लेकर सील कर दिया।

पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र कुमार चौबे को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि ब्लाक के निकट माल लखनऊ की एक गैस एजेंसी के द्वारा अवैध रूप से सरेंडर बेचे जा रहे है मौके पर पूर्ति विभाग की टीम पहुंची और सिलेंडर बेच रहे चालक से संबंधित सेलेडरो के अभिलेख मांगे तो चालक द्वारा कोई अभिलेख नहीं दिखाई गए पूर्ति निरीक्षक ने नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी मे कार्यवाही करते हुए एचपी के भरे हुए 28 सिलेंडर व इंडेन कंपनी के 17 खाली सिलेंडर जब्त कर उमा गैस सर्विस के सुपुर्दगी मे दे दिए पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र चौबे ने बताया कि बरामद सिलेंडरो का माही गैस एजेंसी उमरावल माल जनपद लखनऊ के मालिक अतुल शुक्ला भरे हुए सिलेडर के कोई कागजात नहीं दिखा सके तथा 17 इंडेन कंपनी के खाली सिलेंडर कहा से आये इसका स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए वही अतुल शुक्ला नेबताया कि मेरी एजेंसी से सण्डीला के करीब 2800 उपभोक्ता जुड़े हुए है जिन्हे गैस कि आपूर्ति कि जा रही थी उन्होंने अवैध सिलेडर बेचने कि बात के आरोपों को निराधार बताया संबंधित गैस एजेंसी के खिलाफ पूर्ति विभाग ने पेट्रोलियम गैस विनीयमन 2000 के तहत कार्यवाही की है ।

**विश्व ग्लूकोमा सप्ताह** | **विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

# समय पर जांच और देखभाल कर बचाएं आंखें

**संवाददाता, पिहानी, हरदोई**




जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी में राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को आंखों की बीमारियों, खासकर ग्लूकोमा (काला मोतिया) के प्रति सचेत करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. जितेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. वैभव जायसवाल तथा नेत्र परीक्षण अधिकारी अय्यूब ज़फर ने मौजूद लोगों को ग्लूकोमा से होने वाले खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों की एक गंभीर बीमारी है, जो समय रहते पहचान और उपचार न होने पर धीरे-धीरे दृष्टि को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। इस दौरान लोगों को आंखों की देखभाल से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। उन्हें संतुलित आहार लेने, आंखों को सुरक्षित रखने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि सरकारी अस्पतालों में नेत्र जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाया जा सकता है। कार्यक्रम में आए कई लोगों ने मौके पर ही अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। अंत में स्वास्थ्यकर्मियों ने सभी से अपील की कि वे अपनी आंखों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और अपने परिवार व समाज के लोगों को भी समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करें।

# शिविर में आंखों का किया परीक्षण

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** शुक्रवार को विकास खंड भरावन के पवाया बाजार में राजकुमार एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया।

संडीला विधानसभा के भाजपा नेता पंकज शुक्ला ने बताया क्षेत्र में कई जगहों पर सामाजिक कार्य की भावना से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगातार जारी रहेगा। और सामाजिक सेवा का उद्देश्य सर्वोपरि है। बताया कि सीतापुर आंख अस्पताल के प्रशिक्षित चिकित्सको द्वारा पवाया बाजार में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ रघुनन्दन ने बताया 783 मरीजों नें पंजीकरण कराया, जिसमें मोतियाबिंद, सुगर बीपी, आंख आईओपी की जांच सहयोगी चिकित्सक डॉ. अनामिका, शिवांगी, सेजल, शहनवाज द्वारा की गई। राजरानी, रामकेशण, अजय पाल, आशा देवी, विनोद कुमार, चंटू, खुर्शीद, मधुराम, ब्रजरानी सहित 51 मरीजों को निःशुल्क बस सेवा से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल भेजा गया। निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शुक्ला, भोला शुक्ला, बीर प्रकाश सिंह, रामस्वरूप, विनोद पाण्डेय, प्रेम पाल, रामजी तिवारी सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।



नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में प्रशिक्षण करते चिकित्सक।

## कब्जे के विरोध में मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम सैद पुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने के विरोध में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित वीरेंद्र सिंह के अनुसार उसके सहन में पड़ी सरकारी भूमि को वह अपने बुजुर्गों के समय से उपयोग में ले रहा है। पड़ोसी विष्णु दयाल ने अपने पुत्रों रोहित और शोभित के साथ मिलकर 12 मार्च को उक्त भूमि पर मिट्टी डलवाना शुरू कर दिया। उसने विरोध किया। 13 मार्च की सुबह विष्णु दयाल की पत्नी और दोनों पुत्रों ने उसकी भूमि से आवारा जानवर निकाले। मना करने पर आरोपियों ने उसे गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.47 बजे
अफ्तार : 06.28 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.53 बजे
अफ्तार : 06.17 बजे

# कालाबाजारियों पर डीएम का ऑनलाइन वार

- ऑनलाइन व्यवस्था में आ रहे व्यवधान को दूर करने के लिए एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** कालाबाजारियों से दो हाथ आगे प्रशासन कार्य करने को तैयार है। इसको लेकर पहले जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूप स्थापित किया। ऑनलाइन बुकिंग में आ रही बाधाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी कंपनियों के नंबर आदि की सूचना साझा की है।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. दो दिन पूर्व गैस किल्लत को दूर करने के लिए जिस कंट्रोल रूम को स्थापित किया, उसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, सात तहसीलों में एक सैकड़ा से अधिक उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इस कड़ी को डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने आगे बढ़ाया है। भारत गैस, इण्डियन और एचपी गैस की जरूरी जानकारी साझा की गई है। डीएम का कहना है कि उपभोक्ताओं को गैस मिलने में कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर विभागीय अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं।



गैस एजेंसी के बाहर अपने नंबर की प्रतीक्षा करते उपभोक्ता। अमृत विचार

## इन माध्यमों से मिल सकती है सहूलियत

**भारतगैस :** वाट्सएप- 1800224344, मिस्ड कॉल-7710955555, आईवीआरएस-7715012345, एप्लीकेशन-Hello BPCL, वेब-my.ebharatgas.com

**इंडियन गैस :** वाट्सएप-7588888824, मिस्ड कॉल-8454955555, आईवीआरएस-7718955555, एप्लीकेशन-Indian Oil One, वेब-htt://cx.indianoil.in

**एचपी गैस :** वाट्सएप-9222201122, मिस्ड कॉल-9493602222, आईवीआरउस-8888823456, एप्लीकेशन-HP Pay, वेब-https://myhpgas.in

## इन कंपनियों पर है उपलब्धता

| कंपनी | एजेंसियों की संख्या | लोड की वर्तमान स्थिति | पूर्व उपलब्धता |
|---|---|---|---|
| आईओसीएल | 50 | 8742 | 3258 |
| बीपीसीएल | 19 | 2300 | 4968 |
| एचपीसीएल | 17 | 4352 | 4843 |



प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

## गैस किल्लत व महंगाई के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये और कमर्शियल में 120 की बढ़ोतरी व गैस की किल्लत के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता एक बार फिर गैस के लिए लाइनों में लगने को मजबूर है। गैस की किल्लत से होटल, ढाबा और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पार्टी ने मांग की है कि बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस ली जाएं और मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए सब्सिडी बहाल की जाए। इस दौरान महासचिव सर्वेश रावत, उपाध्यक्ष रियाज, किशोरी लाल कोरी समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नल में उतरे करंट से महिला की मौत

**रामपुर मथुरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर खरिका में देर शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां घर में लगे नल पर कपड़े धोते समय उमा देवी (53) पत्नी उमेश चंद्र पांडे करंट की चपेट में आ गईं। बताया जा रहा है कि नल से जेट पंप जुड़ा हुआ था, जिसके जरिए नल में करंट उतर आया। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के अनुरोध पर बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का पंचनामा कर उन्हें सौंप दिया।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**इमलिया सुल्तानपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने ग्राम नौवा अम्बरपुर के पास घेराबंदी कर करन पुत्र बालक, निवासी ग्राम हथूरी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना इमलिया सुल्तानपुर में बीएनएस की धाराओं व पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज था।

### एल्पिस ग्लोबल स्कूल का स्थापना दिवस मना

**बिसवां।** कस्बे के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल ने अपना 16वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सफल 16 वर्ष पूर्ण होने पर अभिभावकों और विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला।विद्यालय प्रबंधन के मुदित सिंघल, उमंग राजवंशी, अनुज सिंघल व निशीथ गोयल ने बताया कि वर्षों पूर्व रोपित शिक्षा का यह पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है, जिसके छात्र चिकित्सा व इंजीनियरिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल प्रशासन द्वारा अभिभावकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरगांव / सीतापुर।** कोतवाली देहात इलाके के बड़ागांव स्थित रेलवे ट्रैक पर देर रात एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, युवक मैलानी से लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गय। तलाशी में जयपुर से शाहजहांपुर का जनरल ट्रेन टिकट, कैसरबाग से सीतापुर का रोडवेज बस टिकट और 170 रुपये बरामद हुए हैं। सीने पर मां स्टैचू गुदा हुआ है। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

### आग से गृहस्थी का सामान जल कर राख

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोठार मजरे शुकुल पुरवा में संतराम निषाद पुत्र कामता निषाद के छप्पर के बने घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। संतराम के अनुसार, घर में रखा छह हजार रुपए नगद, छह थान जेवर सहित सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक छप्पर सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज सौंप दी है। है।

### खराब सड़क ने बढ़ाई मुसीबत, पांच घायल

**सीतापुर।** जनपद में जर्जर सड़कें और रफ्तार का कहर राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। पहली घटना कमलापुर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जहां दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना खैराबाद में हुई, जहां सीएमओ कार्यालय के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आलू लदे ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक विमलेश समेत दो लोग घायल हो गए, जबकि डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

# बीएनएस की धाराओं में उलझे अभ्यर्थी, गणित से मिली राहत

## पुलिस भर्ती परीक्षा : जिले के आठ केंद्रों पर दो पालियों में 3890 अभ्यर्थी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को बीएनएस की धाराओं ने उलझाया। गणित घुमावदार थी, लेकिन उसे हल कर लिया गया। आठ केंद्रों पर आयोजित परीक्षा के दौरान डीएम-एसपी भ्रमणशील रहे।

जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन 5760 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। लेकिन 1870 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए। पहली पाली से ही पुलिस और सख्ती देखने को मिली। कड़े और हाथ में बंधी घड़ी आदि को भी परीक्षा केंद्र के बाहर ही छोड़ना पड़ा। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल की मौजूदगी में सघन चेकिंग की गई। बाद में परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा देकर निकले बाराबंकी के संदीप सिंह ने बताया कि बीएनएस की धाराओं से संबंधित सवाल थोड़े कठिन थे। गणित के सवाल उलझाऊ थे, लेकिन हल कर लिए गए। लखनऊ के सिद्धार्थ ने बताया कि 2011 में भी परीक्षा से जुड़े प्रश्न सरल थे। इस बार भी कई प्रश्न सरल मिले, ऐसे में कटआफ अंक बढ़ सकते हैं। क्योंकि निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** परीक्षा से पूर्व संध्या पर अपर पुलिस अधीक्षक आईपीएस विनायक भोंसले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के होटल, ढाबे और रेलवे स्टेशन के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध सॉल्वर गैंग को पकड़ने के लिए होटलों के रजिस्टर और आईडी कार्ड भी खंगाले गए।



आरआरडी इण्टर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार



परीक्षा छूटने के बाद लगा जाम। अमृत विचार

**उपस्थित और अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या :** परीक्षा प्रथम पाली में 2880 पंजीकृत थे, जिसमें से 1924 उपस्थित रहे। अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 956 रही। वहीं दूसरी पाली में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 2880 थी। इसमें 1966 उपस्थित थे, जबकि अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 914 रही।

### परीक्षा छूटने के बाद लगा जाम

आरआरडी, उजागर लाल, जीआईआईसी, आरएमपी सहित आठ केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन था। परीक्षा देकर निकलते ही वाहनों की लंबी कतारे लग गई। जीआईसी चौराहा और कोतवाली नगर सहित लालबाग के अलावा बस अड्डे के इर्द-गिर्द लोगों को भीड़ से निकलने में मशक्कत का सामना करना पड़ा, हलांकि हर चौराहों पर पुलिस बल मुस्तैद दिखा।

**विषय प्रश्नों की संख्या**

कुल प्रश्न 160
रीजनिंग 50
गणित 30
हिंदी 40
जीएस (सामान्य अध्ययन) 40

### स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर बीती अभ्यर्थियों की रात

बस और रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अपने अभिभावकों के साथ देखे गए। रेलवे स्टेशन पर बहराइच से आए अनिल अपने चाचा के साथ थे। पूछने पर बताया कि लखनऊ से ट्रेन से आने पर यहीं बेहतर स्थान लगा। उन्नाव के राजकुमार, सुरेश पढ़ाई करते मिले।

### ई-रिक्शा चालकों के खिले चेहरे, हुआ मुनाफा

बस अड्डे पर मुंशी गंज निवासी ई रिक्शा चालक परमेश्वर मिले। यहीं पर गुड्डू भी ई रिक्शे लिए खड़ा था। बसो से उतरते अभ्यर्थियों को देख सभी खुश थे। पूछने पर बताया कि चंद घंटों में बड़ा मुनाफा हुआ है। किसी ने पैसे देने में भी झंझट नहीं किया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

- बारात में शामिल होने जा रहे थे तीनों युवक

रामपुर मथुरा, सीतापुर।

**अमृत विचार :** वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार अज्ञात वहान की चपेट आ गए। भीषण सड़क हादसे में तीनों की मौत हो गयी। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बिसेसर गांव के पास हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

मानपुर थाना क्षेत्र चाँदपुर निवासी गोलू (30) पुत्र मुन्ना सिंह और कुलदीप (27) पुत्र श्यामनाथ सिंह व रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के भयापुर कोडरी गाँव निवासी सुजीत(25) पुत्र कल्लू सिंह एक बाइक सवार होकर भयापुर कोडरी से बिसेसर गांव के पास बारात में शामिल होने जा रहे थे। बताते हैं कि कोठवल गांव की मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन की चपत में आ गए। भीषण टक्कर में तीनो बाइक उछल कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कि सूचना लोगों पुलिस को दी। इसी के फ़ौरन बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा पहुंचाया। यहाँ चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## नदी में डूबने से नवविवाहिता की मौत

**सीतापुर /महोली।** खुशियों के घर में मातम पसर गया जब सात दिन पहले विदा हुई बेटी की अर्थी उसी आंगन से उठी। महोली कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव में शनिवार सुबह कठिना नदी में डूबने से नवविवाहिता रोशनी की मौत हो गई। रोशनी (19) का विवाह बीते सात मार्च को मछरेहटा के लवकुश के साथ हुआ था। शुक्रवार को मायके आई रोशनी शनिवार सुबह नदी किनारे गई थी। परिजनों के अनुसार, पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में समा गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर तलाश शुरू हुई, तो घर से 500 मीटर दूर नदी में उसका शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर जे. पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का है। जिस घर में अभी शादी की बधाइयां गूंज रही थीं, वहां अब सिर्फ चीख-पुकार सुनाई दे रही है।

## पीएम किसान निधि की 22वीं किस्त जारी

**मिश्रिख।** पिसावां विकास खंड सभागार और कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। गुवाहाटी (असम) से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल माध्यम से बटन दबाकर देश के करोड़ों किसानों के खातों में योजना की 22वीं किस्त के रूप में 2-2 हजार रुपये हस्तांतरित किए। कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रसारण देखते हुए नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने हर्ष जताया। उधर, पिसावां में सेजकला की महिला किसान शशि बाला के खाते में जैसे ही धनराशि पहुंची, सभागार में मौजूद किसानों के चेहरे खिल उठे। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिला है जिनकी फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ सतीश कुमार, एडीओ कृषि जावेद अख्तर, आर.एन. वर्मा, अनुज वर्मा, देवेश मिश्रा सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### भाजपा का मंडल प्रशिक्षण अभियान संपन्न

**सीतापुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत सदर विधानसभा के विभिन्न मंडलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खैराबाद देहात में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा प्रशिक्षण के बल पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करती है। शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित दूसरे सत्र में रामकोट, सीतापुर नगर-प्रथम व द्वितीय के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान राहुल जायसवाल, नैमिष रतन तिवारी, विश्राम सागर राठौड़, जया सिंह, पंकज पांडे, राजन गुप्ता, अजय विश्वकर्मा और प्रखर जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रोटरी गवर्नर ने किया यातायात बोर्डों का अनावरण

**सीतापुर, अमृत विचार :** रोटरी क्लब डी. 3120 के गवर्नर डॉ. आशुतोष अग्रवाल आधिकारिक यात्रा पर रहे। उन्होंने अवध क्लब हॉल में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के पश्चात डॉ. अग्रवाल ने महावीर पार्क के चारों ओर लगाए गए चार यातायात निर्देश बोर्डों का अनावरण किया। उन्होंने संजीवनी संस्था के साथ मिलकर क्लब द्वारा आयोजित 'रक्तदान महोत्सव' का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. तरुण सहगल, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सुनील वैश्य, हरीश शाह, मोहित अग्रवाल, संजीव कपूर, अमन कृष्णा और विनीत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### दबंगों ने महिला व परिजनों को पीटा, केस दर्ज

**लहरपुर।** लालापुरवा मजरा रामरुढा में दबंगों द्वारा एक महिला, उसकी जेठानी और पुत्रों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रेम देवी (45) ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 4 मार्च को राधेश्याम, गुड्डू, धर्मपाल और दीपू उनके घर के पास आकर गालियां देने लगे। विरोध पर उक्त लोगों ने महिला से मारपीट शुरू कर दी। जब महिला की जेठानी कांति देवी और उसके पुत्र रवि व अमन बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### डीसीएम में ले जाई जा रही 20 भैंस बरामद,

**लहरपुर।** कोतवाली पुलिस ने देर शाम तंबौर मार्ग पर ग्राम रंगवा स्थित जनता इंटर कॉलेज के पास घेराबंदी कर पशु क्रूरता का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने एक डीसीएम ट्रक को रोककर उसमें ठूंस-ठूंस कर भरी गईं 20 भैंस को बरामद कीं। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह के मुताबिक, सूचना के आधार पर वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें भैंस बंधी हुई थीं। बरामद पशुओं को चारा-पानी देकर ग्रामीणों की सुपुर्दगी में दे दिया है। आरोपी तंबौर के शिस्वा निवासी साहबान को गिरफ्तार कर लिया है। वाहन को सीज करते हुए आरोपी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### घर में आग से गृहस्थी का सामान जला

**हरगांव/सीतापुर।** थाना क्षेत्र के अंगेठा गांव में देर रात एक घर में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, ग्रामीण हरीश जायसवाल का परिवार घर में सो रहा था, तभी अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक परिजनों की नींद खुली, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। ग्रामीणों और परिजनों ने शोर मचाते हुए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखी पूरी गृहस्थी जल चुकी थी। पीड़ित हरीश ने घटना के पीछे किसी अराजक तत्व की साजिश की आशंका भी जताई है। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। हरगांव के थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया आग लगने की घटना की सूचना अभी थाने में नहीं दी गई है। पीड़ित द्वारा तहरीर मिलने पर ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलरिया में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, बिलरिया निवासी चांद पुत्र मोबीन की पत्नी परवीन (22) की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। ससुराल पक्ष ने इसकी सूचना मृतका के मायके ग्राम सुरेली , महोली में दी। मौके पर पहुंची मृतका की मां बेनजीर ने ससुराल वालों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और पोस्टमार्टम की मांग की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल में रोजा इफ्तार आयोजित

**बिसवां।** सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज व मांटेसरी स्कूल के वर्तमान व पुरातन छात्रों सहित अभिभावकों व महिला रोजेदारों ने शिरकत की। विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा 'बबुआ' ने बताया कि वर्ष 1980 से निरंतर चल रहा यह आयोजन सर्व धर्म समभाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना जिस सद्भाव के साथ की गई थी, वह परंपरा आज भी जीवित है। जहां इफ्तार में हिंदू शिक्षक भोजन व्यवस्था संभालते हैं, वहीं शिवरात्रि पर मुस्लिम शिक्षक और अभिभावक सहयोग कर समाज में एकता की मिसाल पेश करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शकील अहमद अंसारी, विवेक सिन्हा, सह प्रबंधक आनंद खत्री, पूर्व चेयरमैन अतीक खां, प्रवक्ता मकसूद अली, शीबा खान, दिनेश आदि थे।

# पिकअप की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत, 5 लोग गंभीर

- बिसवां, रेउसा-तंबौर मार्ग और नैमिषारण्य में हुए हादसे

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हादसों में चाचा-भतीजा की मौत हो गई। अन्य स्थानों पर हुए हादसों में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली दुर्घटना बिसवां के ब्रजबासिनपुरवा सरैंया के पास हुई। बाइक सवार वाहन की चपेट में आ गए। जिससे सकरन थानाक्षेत्र के दुदगढ़ निवासी चाचा गुड्डू गिरी (30) और उसके भतीजे आदेश गिरी (15) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाराबंकी के बड्डूपुर थानाक्षेत्र का गौराभारी निवासी ललित गिरी (32) गंभीर रूप से घायल है। सीओ बिसवां अमन सिंह का कहना है कि अज्ञात वाहन और उसके चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। दूसरी दुर्घटना रेउसा-तंबौर मार्ग पर बम्हनावा के पास हुई। बताते हैं कि नशे में धुत बाइक सवार को बचाने में पिकअप पलट गई। हादसे में चालक राजू और उसका साथी चोटिल हुए हैं। तीसरी घटना नैमिषारण्य के हरदोई-सीतापुर मार्ग पर हुई, जहां कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी चोटिल हुआ। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है,

## पुलिस ने हटवाया अवैध मांस का कारोबार

**सीतापुर/ इमलिया सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र की तिहार चौकी के अंतर्गत सड़क पर अवैध रूप से चल रहे मांस के कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। तिहार चौकी इंचार्ज इंद्रजीत सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लग रही मांस की दुकानों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। दरअसल, बाजार के दिनों में सड़क पर ही मुर्गे-बकरे काटे जाने से न केवल गंदगी फैल रही थी, बल्कि खरीदारों की बेतरतीब खड़ी बाइकों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। इससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता था। मामले की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए 10 मिनट के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। पुलिस की सख्ती के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें हटा लीं, जिससे यातायात सुचारू हो सका।



लोक अदालत में स्टाल का जायजा लेते न्यायाधीश। अमृत विचार

## लोक अदालत में 2 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश आशीष जैन की अध्यक्षता में शनिवार को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस अदालत में कुल 2 लाख, 7 सौ एक वादों का निस्तारण कर 10 .63 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद लाभार्थियों को ट्राई-साइकिल व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। लोक अदालत की खास उपलब्धि 32 जोड़ों का पुनर्मिलन रही, जो आपसी सहमति से पुन: साथ रहने को राजी हुए। सचिव विजय भान ने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 82 मामलों में 5 .01 करोड़ का अवार्ड पारित किया, जबकि राजस्व न्यायालयों ने 58,243 और अन्य विभागों ने मुकदमों का निस्तारण किया। इस अवसर पर जेल बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी और चिकित्सा शिविर भी आकर्षण का केंद्र रहे।

## कलयुगी मां ने 6 माह की बच्ची को नहर में फेंका, मौत

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** सिधौली कोतवाली क्षेत्र के हुसैनगंज गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मानसिक रूप से परेशान एक महिला ने अपने पति से हुए विवाद के बाद अपनी 6 माह की मासूम बेटी 'काव्या' को शारदा सहायक नहर में फेंक दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने महिला को बच्ची फेंकते देख तुरंत नहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। करीब 45 मिनट से एक घंटे चले तलाशी अभियान के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी मां वंदना को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है।

# साहब ! सार्वजनिक रास्ते पर है अतिक्रमण और खेत से निकाला गया जबरन रास्ता

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** कमलापुर थाना परिसर में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. और एसपी की मौजूदगी में समाधान दिवस संपन्न हुआ। कुल 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। बेहड़ा निवासी अमित शुक्ला ने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण, जबकि मायादेवी ने खेत से जबरन रास्ता निकालने की शिकायत की। डीएम ने जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

उधर, जिले के अन्य थानों में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पिसावां थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कुल छह शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें मुख्य रूप से खेत की पैमाइश, चकरोड और तालाब पर अवैध कब्जे के मामले रहे। अधिकारियों ने मौके पर मात्र दो मामलों का निस्तारण किया। रजुवापुर निवासी रूपलाल, ताविदां नगर के रामऔतार यादव और कल्याणपुर की रामबेटी ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इस दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

लहरपुर कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में 9 शिकायतें आईं। हालांकि, मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। ग्राम प्यारापुर कौरया निवासी अजीत सिंह ने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। नायब तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमों को पारदर्शिता के साथ जांच सौंप दी है।



कमलापुर थाने में शिकायतों का निस्तारण करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

## गैस पाइपलाइन के गड्ढे में गिरे सभासद, हाथ टूटा

**संवाददाता, महोली। अमृत विचार :** कस्बे में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते वार्ड आदर्श नगर के भाजपा सभासद राजू बाइक सहित गहरे गड्ढे में गिर गए, जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया और बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। सभासद का आरोप है कि कंपनी गली-मोहल्लों में बिना बैरिकेडिंग और संकेतक के गड्ढे खोदकर छोड़ रही है। हाईवे किनारे खोदे गए चार फीट गहरे गड्ढों के कारण आए दिन स्कूली बच्चे और मवेशी चोटिल हो रहे हैं। नगर पंचायत महोली के ईओ रामकृष्ण वर्मा ने बताया कि गैस कंपनी को शर्तों के साथ एनओसी दी गई है। यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और मनमानी की जा रही है, तो कंपनी को नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### फरार इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली:** गदागंज पुलिस ने पचास हजार के इनामी बदमाश को पकड़ लिया है। शनिवार को वाहन चेकिंग के समय मुखबिर खास की सूचना पर जियायक चरहार गांव के पास महामाया चौराहे से अभियुक्त दयाशंकर उर्फ कल्लू पुत्र स्व. विजय बहादुर निवासी पूरे कतिकन मजरे शोरा गंगागंज थाना हरचंदपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तमंचा, जिंदा कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद होने का दावा किया है। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ पहले से अलग-अलग थानो मे कई मामले दर्ज हैं। जिसमें वह फरार चल रहा था। अभियुक्त पर पच्चास हजार का इनाम घोषित किया गया था। इस मौके पर उनि. वीरेन्द्र कुमार, विवेक कुमार सिंह, जसवन्त सिंह, शैलेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा से बैट्री व चार्जर चोरी

**छतोह:** नसीराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता की चलते आए दिन चोरी की वारदातों से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के मखदूमपुर पूरे राई चौराहा निवासी राममिलन पुत्र राम लखन पासी का ई-रिक्शा 13 व 14 मार्च की रात को चोरों ने पार कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित राममिलन ने सूचना डायल 112 को दी। बताया जा रहा है कि गांव से 300 मीटर दूर पूरब नसीराबाद मखदूमपुर रोड पर रमेश जायसवाल के खेत के पास रिक्शा तो खड़ा मिला, लेकिन उसमें से चारों बैट्री व चार्जर गायब था। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### नेत्र शिविर आज

**सरेनी:** नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल में 15 मार्च को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने दी है। उन्होंने नेत्ररोगियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पिकअप की टक्कर से छात्रा घायल

**महराजगंज:** महराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नहरिया (पोस्ट हलोर) निवासिनी रोशनी (15) पुत्री राम जवाहर शनिवार की सुबह राजकीय इंटर कॉलेज हलोर जा रही थी। रास्ते में हलोर मेन चौराहे पर कपूरपुर मोड़ के पास अज्ञात तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया है।

### ई-रिक्शा पलटने से छह लोग घायल

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर बन्नावा गांव के निकट सवारियां से भरा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार कैलाश नाथ दीक्षित पुत्र स्व. गणेश प्रसाद निवासी बन्नावा, मनोज कुमार पुत्र रामलाल निवासी मवैया थाना हरचंदपुर, श्रीमती पत्नी शिवमोहन निवासी उफरापुर थाना बछरावां, अनूप कुमार पुत्र स्व. रामविलास निवासी पदम खेड़ा मजरे पश्चिम गांव व राज प्रकाश पुत्र शिवमंगल निवासी रिशाल खेड़ा मजरे महेरी घायल हो गए। जिन्हें आस-पास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार एवं श्रीमती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं ई रिक्शा चालक को मामूली चोटे आई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने कुएं में कूद कर की आत्महत्या

बछरावां (रायबरेली)

- पबछरावां थानाक्षेत्र के नीमटीकर की घटना, मचा कोहराम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीमटीकर निवासिनी खुशी पुत्री वीरेंद्र पटेल ने शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद आसपास ग्रामीणों का मजमा लग गया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कुएं में झांक कर देखा तो किशोरी कुएं के पानी में उन्हें दिखाई दी। इसके पश्चात ग्रामीणों द्वारा उसे बाहर निकालने का प्रयास किया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से किशोरी को कुएं से बाहर निकाल कर उसे सीएचसी बछरावां पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक भावेश यादव ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान किशोरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं किशोरी की मौत के पश्चात परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मृतका किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बैंक पर मृतक आश्रित को परेशान करने का लगा आरोप

संवाददाता, रायबरेली

**समस्या**

- मृत पिता के खाते में जमा राशि के लिए 6 साल से दौड़ा रहा बैंक
- अनपढ़ और दिव्यांग तहसील और कचेहरी के काट रहा चक्कर



बैंक में बैठे मृत पिता के परिजन।

**अमृत विचार।** शासन द्वारा एक तरफ जहां दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए अनगिनत योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ स्टेट बैंक की एक शाखा के शाखा प्रबंधक द्वारा एक दिव्यांग को अपने मृत पिता के खाते में जमा राशि के लिए एक-दो नहीं पूरे 6 साल से भी ज्यादा समय से दौड़ाया जा रहा है। बैंक कर्मचारियों की अमानवीय कार्यशैली के चलते अनपढ़ और दिव्यांग तहसील और कचेहरी की चक्कर बाजी में उलझ कर रह गया है।

मामला रोहनिया ब्लॉक की उमरन शाखा से जुड़ा है। जिस बैंक के खाता धारक लालता प्रसाद पुत्र शिवरतन की मृत्यु दिनांक 19 दिसंबर 2020 को हुई थी। लालता प्रसाद के वारिस अनपढ़ और दिव्यांग संतोष कुमार को पिता की मृत्यु का प्रमाण पत्र बनवाने में ही दो महीने का समय बीत गया। पिता की मृत्यु का प्रमाण और वारिस से संबंधित दस्तावेज लेकर संतोष ने बैंक कर्मियों से संपर्क किया तो बैंक कर्मियों ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और कोर्ट ऑर्डर के लिए कचेहरी का रास्ता दिखा दिया। तंगहाल दिव्यांग संतोष के लिए इन दस्तावेजों को लाने की राह आसान नहीं था। तंगहाल दिव्यांग एक-एक पाई के लिए मोहताज था। मुफलिसी में एक-एक दिन काटते हुए आखिरकार अनपढ़ संतोष उत्तराधिकार प्रमाण पत्र और कोर्ट का ऑर्डर बीती 9 मार्च को लाने में कामयाब हो गया। इन दोनों दस्तावेजों को साथ बैंक पहुंचे संतोष को एक बार फिर बैंक कर्मियों की खरी-खोटी सुनने को मिली। जब उसे तीन स्टांप लाने की बात कहते हुए बैरंग वापस कर दिया गया। किसी तरह संतोष तीनों स्टांप लेकर बैंक पहुंचा तो एक बार फिर बैंक कर्मी उस पर बरस पड़े कि तुम्हें स्टैंप अपने नाम पर लाना चाहिए था। तुम बैंक के नाम पर क्यों लाए हो यह सभी स्टांप बर्बाद हो गए हैं। बैठो बाद में देखते हैं। कई घंटे के इंतजार के बाद संतोष को बैंक कर्मचारियों ने अपने चहेते कारखास जन सुविधा केंद्र संचालक का पता देते हुए कहा इनके पास चले जाओ यह तुम्हारा सारा काम कर देंगे। बैंक कर्मियों के भेजे गए पते पर पहुंचने पर संतोष ने कहा संबंधित ने उक्त दस्तावेजों को तैयार करने में तीन से चार हजार रुपये का खर्च बताया थक हार कर संतोष ने अब एलडीएम रुपेश दुबे से धनराशि दिलवाये जाने की गुहार लगाई है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में शाखा प्रबंधक सौरभ डे का कहना है कि हमने डेथ क्लेम फॉर्म दिया है फॉर्म फिल होकर आने पर भुगतान कर दिया जाएगा। एलडीएम रुपेश दुबे ने बताया संतोष का क्लेम संबंधी प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कराई जा रही है। दिव्यांग के प्रार्थना पत्र को प्राथमिकता में लेकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# खेलकूद से प्रतिभा निखारने का मिलेगा मौका: डीएम

## जनपदीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को पुलिस लाइन मैदान में दूसरी जनपदीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 30 पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों के लिए आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। बीएसए राहुल सिंह ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों की दूसरी खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इनमें एकल गीत, लोक नृत्य और समूह गान की प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं डीएम हर्षिता माथुर, मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

जनपदीय खेलकूद व सांस्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक वर्ग की बालक व बालिका में क्रमशः गोला फेंक में अभय व रोजनीन प्रथम, अमरजीत व पूजा द्वितीय, अभय व कोमल तीसरे, चक्रक्षेपण में दीपान्शु व पूजा पहले, राम व रोजनीन दूसरे व कृष्णा व नैंसी तीसरे, लम्बीकूद में अभय व नैंशी पहले, रबी व लक्ष्मी दूसरे, सम्राट व प्रिया शर्मा तीसरे, 100 मीटर में सम्राट व नैनशी पहले, विपिन व रीना यादव दूसरे, रवि व खुशी तीसरे, 200 मीटर में अभय व नैंसी पहले, आयुष व खुशी दूसरे, अनमोल व कंचन तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में पीएम श्री रोझइया भीखमशाह के अनुराम प्रथम, पीएम श्री राही की साक्षी दूसरे व पीएम श्री हैबतमऊ की नैना तीसरे स्थान पर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहला स्थान पीएम श्री रोझइया भीखमशाह, दूसरा पीएम श्री राजकीय विद्यालय लालगंज व तीसरा स्थान पीएम श्री हैबतमऊ को प्राप्त हुआ।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती युवती। अमृत विचार

### 100 मी. दौड़ में शिवम और ऊषा ने मारी बाजी

पीएम श्री प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में शिवम पहले, शिवा दूसरे व रजनीश तीसरे, बालिका वर्ग में ऊषा पहले, अनामिका दूसरे, सोनी तीसरे, 200 मीटर में पीएम श्री लालगंज के आर्यन पहले, अंश दूसरे व गौरव तीसरे, संध्या पहले, मुस्कान दूसरे व सोनली तीसरे स्थान पर रही। लंबी कूद में बालक वर्ग में शिवम पहले, शिवा दूसरे व रजीनीश तीसरे, बालिका वर्ग में ऊषा पहले, सोनाली दूसरे व सोनी तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को बीईओ राही ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। संचालन अभिषेक द्विवेदी और स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ने किया।

इस मौके पर क्रीड़ा प्रभारी बीईओ बृजलाल, डॉ. सत्यप्रकाश यादव, बीईओ नगर सुरेंद्र कुमार, एसआरजी राजवंत, सुनील यादव, जिला खेल प्रभारी रेनू शुक्ला, मो. शोएब, निरुपमा बाजपेई, सुनीता सिंह, विमला, रुपेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### लापरवाही : आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्रीवॉल धरासाई, पेयजल का छाया संकट

**डीह, अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार कई योजनाओं के माध्यम से गांवों के विकास के लिए भारी भरकम बजट ग्राम पंचायतों के खातों में भेज रही है। गांव के विकास की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों व सचिवों पर होती है इसके बावजूद मनमानी की जा रही है। जिसका नमूना डेला ग्राम पंचायत में नंद घर के नाम से बने आंगन वाड़ी केंद्र की बदहाली का है, जहां नंद घर के चारों तरफ बाउंड्री वॉल (चहार दिवारी) पांच वर्ष पूर्व बनवाई गई थी। तीन वर्ष तक बाउंड्री वॉल ठीक रहा चौथे वर्ष पूरब व पश्चिम की तरफ की आधी दीवार ढह गई। जो बची है वह भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इसी आंगन वाड़ी केंद्र पर दो केंद्र संचालित है जिसमें कई दर्जन नौनिहाल पढ़ने आते हैं, जिनके लिए यह जर्जर दीवार मौत बनकर खड़ी है। इसके बावदजू गांव के जिम्मेदार प्रधान व सचिव पूरी तरह से मौन हैं। आंगन वाड़ी कार्यकत्रीयों का कहना है कि दो वर्ष पहले रात में किसी वाहन द्वारा टक्कर मार कर चाहर दिवारी गिरा दिया था जिसको बनवाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से कहा गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। यही नहीं इस केंद्र पर नौनिहालों के लिए पीने का शुद्ध जल भी नहीं है। यहां पहले लगवाए गए इंडिया मार्का हैंडपंप में सबमर्सिबल की मोटर फंसी होने के कारण प्रधान दूसरी जगह रिबोर करवा कर हैंडपंप लगवाया, लेकिन नई बोरिंग की सफाई न करवाने की वजह से गंदा और प्रदूषित पानी आज भी उगल रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मौके की जांच करवाकर इस आंगनवाड़ी केंद्र की टूटी बाउंड्री वाल व हैंडपंप संबंधित अधिकारी से बनवाने की मांग की है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री इंदुबाला का कहना है कि बाउंड्रीवाल व नल रिबोर के लिए कई बार बाल विकास परियोजना अधिकारी को लिखित दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई का कहना है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री या सुपरवाइजर लिखित शिकायत दे तो बाउंड्री वाल व नल का रिबोर करवा दिया जाएगा।



नंद घर की टूटी बाउंड्रीवॉल।

### कार्यकर्ताओं की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा : धीरेंद्र बहादुर सिंह



प्रशिक्षण अभियान में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**लालगंज, अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के लालगंज मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने किया। पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने कहा कि भाजपा का इतिहास और विकास बहुत ही रोचक है। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला व अध्यक्षता बैसवारा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, प्रो. अविनाश सिंह, रवीन्द्र सिंह, रामप्रताप सिंह, राजेश सिंह फौजी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां चन्द्रिका देवी मंदिर में भंडारा आयोजित



मन्दिर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**शिवगढ़, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के भैरमपुर मजरे बैंती स्थित प्रसिद्ध मां चन्द्रिका देवी शक्तिपीठ मन्दिर में भण्डारा एवं जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर कलाकारों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावां विध्न विनाशक गणेश, राधा-कृष्ण, महाकाल की भस्म आरती, शंकर-हनुमान भक्त गौरिल्ला, मथुरा, वृंदावन, बरसाने की फूलों की होली, श्री कृष्ण रासलीला की अद्भुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश रावत, पं.आशीष अवस्थी, पुजारी पुत्तन तिवारी, रविंद्र कुमार, कैलाश मौर्य, दिलीप यादव, हरिश्चंद्र यादव, धर्मवीर यादव, सागर त्यागी, जगजीवन त्यागी, खेलाड़ी प्रधान, संतोष रावत, रामखेलावन यादव, ओम प्रकाश यादव, मनोज रावत, लोकई यादव आदि रहे।

### भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

**सरेनी।** विकास क्षेत्र के श्री महाबीर धाम ग्राम बनपुरवा मानपुर मजरे पलटीखेड़ा में श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित भण्डारे में लोगों को सब्जी, पूडी व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर संयोजक छोटेलाल तिवारी, कृष्ण दत्त तिवारी, सूर्यकुमार तिवारी, कालीचाण तिवारी, दिनेशचन्द्र तिवारी, राकेश चन्द्र तिवारी, सुरेशचन्द्र तिवारी, गुड्डू तिवारी, दुगशिंकर तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, रामफेर सिंह, विनीत शुक्ला, मनोज द्विवेदी, मोरसिंह, मारुत सिंह, विष्णु प्रताप मिश्रा, निर्भय सिंह, रिंकू सिंह, सुधीर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

# सिलेंडर न मिलने पर मायूस लौटे उपभोक्ता, नहीं जला चूल्हा



बछरावां में गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बीते एक सप्ताह से गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह से ही लंबी-लंबी लाइनें लगाकर सिलेंडर पाने का प्रयास कर रहे हैं। सिलेंडर के लिए भारी भीड़ होने के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। धूप में उपभोक्ता 6 से 7 घंटे तक गैस सिलेंडर पाने के लिए इंतजार करते हैं, इसके बावजूद अधिकांश उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है। जिस कारण गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। परेशान उपभोक्ता रामचरण, संदीप, गोलू, माहेश्वरी का कहना है कि वह लोग शनिवार सुबह पांच बजे से लाइन लगा रहे हैं। परंतु उन्हें गैस सिलेंडर अभी तक नहीं मिल पाई। उनका कहना है कि न तो गैस बुकिंग हो रही है और न ही एजेंसी में उन्हें गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। सर्वर के कारण लोगों को भारी परेशान का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर न मिलने से उनके घर का चूल्हा नहीं जला, जिससे उनके साथ-साथ बच्चों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।



कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए बच्चे। अमृत विचार

छतोह (रायबरेली)

**आयोजन**

**अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के राम बाग गोपालपुर में स्थित नारायण हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह मोनू रहे। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने तैयार किए गए एकल और सामूहिक गीत आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विशिष्ट अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह (पूर्व शिक्षक) ने कहा कि अत्यंत पिछड़े हुए इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाते हुए विद्या के इस मंदिर की स्थापना वंदनीय है। स्कूल के संरक्षक शंकर बख्श सिंह, प्रबंधक सुनील सिंह और प्रधानाचार्या अंत्रिका सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगीतकार सोनू बेदर्दी एवं साथियों ने भी सराहनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिक्षकगण जगदीश सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, सर्वेश सिंह, योगेश, रेखा, लक्ष्मी, रोहिणी, नंदिनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, सीपी श्रीवास्तव, तुलसीराम पासी, दुर्गा सिंह, पवन कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, राज केसर सिंह, प्रशांत सिंह, आलोक श्रीवास्तव, राहुल सिंह, रामबरन रावत, चैतन्य सिंह भदौरिया, प्रभाकर सिंह, विनोद त्रिपाठी, विवेक सिंह, उदय प्रताप सिंह, शत्रोहन मौर्य, आजाद, शूरवीर, आदित्य प्रताप, वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

**धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, सतांव:** शनिवार को एसजेएस गुरुबक्शगंज में वार्षिकोत्सव और वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह व प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं बच्चों को सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह द्वारा जब बच्चों और उनके अभिवावकों को यह बताया गया कि एसजेएस गुरुबक्शगंज क्षेत्र का पहला विद्यालय है जिसे सीबीएसई द्वारा सम्बद्ध किया गया है।

**आयोजन**

## डीएम और एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# उपनिरीक्षक की परीक्षा में 5020 परीक्षार्थी ने दी परीक्षा, 2180 अनुपस्थित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उपनिरीक्षक पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा में 7200 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 5020 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा में भाग लिया। 2180 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा का आयोजन जिले के विभिन्न केंद्रों में दो पालियों में 12 केंद्रों पर किया गया था। पहली पाली में 3600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 2487 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा में भागीदारी की। शेष 1113 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 3600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 2533 परीक्षार्थियों ने ही उपनिरीक्षक पद के लिए परीक्षा में भाग लिया। शेष 1067 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। उपनिरीक्षक पद के लिए आयोजित परीक्षा का यह पहला दिन था। कल भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन व सुरक्षा बल पूरी चौकसी के साथ परीक्षा केंद्रों के आसपास नजर लगाए रहे।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर व एसपी रवि कुमार। अमृत विचार

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी आचार्य द्विवेदी इण्टर कॉलेज, वैदिक इण्टर कॉलेज, फिरोजगांधी डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबन्ध किए गए है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को सदर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस में विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें आईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### लाठी-डंडे से युवक पर हमला, घायल

तिलोई (अमेठी) : मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे कुमहारन मजरे तिलोई निवासी रामचंद्र पुत्र साहबू ने थाने पर लिखित प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उपरोक्त गांव निवासी विजय कुमार ने अपने पिता लक्ष्मण और बेटे अमित कुमार एवं सोनू पुत्र चन्दर ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर बीते दिन शुक्रवार की देर शाम करीब नौ बजे घर मां बहन की गालियां दे रहे थे। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर चारों लोगों ने मिलकर रामचंदर को लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित के चेहरे पर काफी चोटें आई। पीड़ित ने थाने पर शिकायती तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में मोहनगंज थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर की घायल को इलाज हेतु सीएचसी तिलोई भेजा गया है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अरविंद बनाए गए कार्यकारी अध्यक्ष

अमेठी : राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। आयोग ने वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष और प्रवक्ता मनोनीत किया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय महासचिव निशिकांत राय के निर्देशानुसार हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष जीवन झा की सलाह भी इस निर्णय में शामिल रही। अमेठी निवासी अरविंद कुमार श्रीवास्तव को पत्रकारिता का पैंतीस वर्षों का लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग को अरविंद कुमार श्रीवास्तव से पूर्ण विश्वास है। आयोग अपेक्षा करता है कि वे सभी पत्रकारों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहेंगे। जनपद के पत्रकारों ने पत्रकारों अरविंद श्रीवास्तव को बधाई दी।

### पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय हैं राम

सलोन (रायबरेली) : शनिवार को कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के प्रथम दिन चित्रकूट से पधारी मानस मंदाकिनी निहारिका ने कहा कि राम के आदर्श और उनका आचरण केवल किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि राम के चरित्र का अनुशरण कर विश्व में एक आदर्श समाज की स्थापना की जा सकती है।कार्यक्रम में उन्होंने रामचरितमानस की कथा का रसपान कराते हुए भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामकथा सुनने से मन में पवित्रता और सकारात्मकता की अनुभूति होती है।कथा वाचक सिद्ध सदन रिछारिया ने रामचरितमानस की महिमा का वर्णन करते हुए इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्रंथ मानव जीवन में सदाचार का दर्पण है।

# छोटे कारोबारियों पर दिखने लगा असर

## रसोई गैस की किल्लतः कई दुकानदार वर्षों पुरानी कोयले की अंगीठी और भट्ठी जलाने की करने लगे हैं तैयारी

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत का असर अब सीधे छोटे कारोबारों पर दिखने लगा है। सबसे अधिक परेशानी घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ चाय की छोटी-बड़ी दुकानों को झेलनी पड़ रही है। गैस की कमी के चलते कई दुकानदार अब वर्षों पुरानी कोयले की अंगीठी और भट्ठी की ओर वापस लौटने को मजबूर हो गए हैं।

शनिवार को अमेठी जिले के कालिकन धाम परिसर में रोजाना हजारों कप चाय बेचने वाली एक दुकान का शटर दिनभर बंद रहा। चाय की चुस्की लेने पहुंचे ग्राहकों को दुकानदार ने गैस सिलेंडर न मिलने की वजह बताकर वापस लौटा दिया।कालिकन धाम परिसर में वर्षों से पुश्तैनी चाय की दुकान चला रहे दुकानदार नरेंद्र सिंह ने बताया कि पहले लकड़ी और कोयले की अंगीठी पर ही चाय बनाई जाती थी और कभी भी ग्राहक बिना चाय पिए वापस नहीं जाता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से गैस सिलेंडर पर निर्भरता बढ़ गई है। अब गैस की किल्लत के कारण दुकान चलाना मुश्किल हो गया है और कई बार ग्राहकों को बिना चाय के ही लौटना पड़ रहा है।इसी समस्या के चलते दुकानदारों ने स्थानीय कारीगरों से कोयले की अंगीठी और काम चलाऊ भट्ठी बनवाने के लिए आर्डर देना शुरू कर दिया है। अंगीठी और भट्ठी बनाने वाले कारीगर जवाहर विश्वकर्मा को इन दिनों कई दुकानों से काम मिल रहा है। वहीं संग्रामपुर मुख्यालय स्थित गुप्ता चाय की दुकान पर रोजाना चाय पीने आने वाले ग्राहक भी गैस की कमी के कारण निराश नजर आए। चाय न मिलने पर लोग पानी पीकर ही संतोष करते दिखाई दिए। गैस सिलेंडर की किल्लत और कारोबार पर पड़ रहे प्रभाव से बचने के लिए अब कई चाय दुकानदार पारंपरिक अंगीठी और भट्ठी का सहारा लेने की तैयारी कर रहे हैं।

**गैस सिलिंडर की परेशानी पर सांसद ने उठाए सवाल, अमेठीः** अमेठी के मुंशीगंज क्षेत्र के गोवर्धनपुर दुवारा गांव में शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह में कांग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा ने एलपीजी गैस सिलिंडर की कमी का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम का आयोजन संतोष सिंह द्वारा किया गया, जहां क्षेत्र के लोगों ने सांसद का स्वागत किया। सांसद ने कहा कि सरकार गैस की कमी न होने का दावा करती है, लेकिन हकीकत यह है कि उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को गैस भरवाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी, जिला महासचिव सुनील कुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भेटुआ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत कुमार यादव ने किया।

### केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में कर रही काम: अवधेश प्रसाद



अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद का माला पहना कर स्वागत करते इंदु कुमार पाठक। अमृत विचार

जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के निसूरा गांव में इंदु कुमार पाठक के आवास पर आए अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद जिनका इंदु कुमार पाठक ने माला पहना कर एवं अंग वस्त्र भेट कर भव्य स्वागत किया। वहीं आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में काम कर रही है और देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। आम जनता के लिए रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। सांसद ने कहा कि महंगाई के साथ-साथ बेरोजगारी भी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान देने के बजाय सिर्फ दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और किसान भी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के सामने खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं और आम जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार यह कहकर लोगों को गुमराह कर रही है कि प्रदेश में कहीं कोई समस्या नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई सपा कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व जगदीशपुर विधान सभा के प्रत्याशी विमलेश सरोज, बब्बन त्रिपाठी, राम कुमार तिवारी, राघवेन्द्र मिश्रा, दीपू शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# नाराज सीएमओ ने नदारद कर्मचारियों का काटा वेतन

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था को परखने के लिए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सत्थिन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद मिला, जबकि कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुबह करीब 11 बजे पीएचसी साथिन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्र पर तैनात सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। हालांकि चिकित्सक डॉ. रामनाथ प्रतिकार अवकाश पर थे। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हेल्थ सुपरवाइजर रेखा श्रीवास्तव 13 और 14 तारीख को लगातार दो दिन से अनुपस्थित पाई गईं। वहीं एक्स-रे टेक्नीशियन रंजीत भी निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। अन्य सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर मौजूद पाए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया और कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि हेल्थ सुपरवाइजर रेखा श्रीवास्तव का दो दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया है, जबकि अन्य अनुपस्थित कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटते हुए उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इस निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ सुधीर वर्मा व अन्य मौजूद रहे।

निरीक्षण


सीएचसी शुकुल बाजार में रजिस्टर को चेक करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत

- बेटे को परीक्षा दिलाने ले जाते समय रास्ते में हुआ हादसा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा भादर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नसीर खां (62) की भोर में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना ग्राम टिकरी के समीप हुई, जब वे रायबरेली में अपने बेटे एसआई की परीक्षा दिलाने जा रहे थे। उनके बेटे शहबाज खां (23) इस हादसे में बाल-बाल बच गए।


मोहम्मद नसीर खां की फाइल फोटो।

दुर्घटना की खबर मिलते ही कांग्रेस नेताओं और जनता में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस नेता पवन कुमार दुबे ने मृतक के परिजन की बात सांसद किशोरीलाल शर्मा से फोन पर कराई। सांसद शर्मा ने मोहम्मद नसीर के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा भादर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नसीर के निधन पर कई नेताओं ने शोक जताया। इनमें कांग्रेस न्याय पंचायत अध्यक्ष शिव दयाल शर्मा, पंकज पांडेय और कांग्रेस कमेटी भादर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह शामिल हैं।

टीएसी सदस्य अशोक सिंह हिटलर और उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान महासचिव कपिल पाण्डेय ने भी दुख व्यक्त किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और कांग्रेस किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सूर्य भान तिवारी ने भी खबर मिलने पर शोक प्रकट किया। कांग्रेस के पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल और ब्लॉक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल ने भी मोहम्मद नसीर के निधन पर दुख जताया। सभी नेताओं ने परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# एनटीपीसी नवीकरणीय ऊर्जा और जैव विविधता नीति के तहत बढ़ा रही कदम : विश्व मोहन

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** एनटीपीसी विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी आधुनिक तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा (सोलर, हाइड्रो) और जैव-विविधता नीति (2022) के माध्यम से एक नजीर पेश कर रही है। यह विचार शनिवार को एनटीपीसी के आवासीय परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान ऊंचाहार परियोजना के प्रमुख विश्व मोहन सिंह ने व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि विद्युत'उत्पादन में वृद्धि, ग्रीन हाउस गैसों में कमी' के लक्ष्य के तहत, कंपनी 2032 तक 60 जी डब्लू नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने और जीरो कार्बन उत्सर्जन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी ने 2032 तक 60 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है, जिसमें सोलर और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। कंपनी अपने थर्मल पावर प्लांटों में फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन और इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रही है। कंपनी ने जैव-विविधता के संरक्षण और पुनर्स्थापना के लिए विशेष नीति अपनाई है। इससे पूर्व सामुदायिक विकास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ प्रबंधक श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि एनटीपीसी ने आसपास के गांवों के बच्चों को समर कैंप के द्वारा आधुनिक शिक्षा और स्वावलंबन हेतु प्रशिक्षित किया है। इसके साथ स्वास्थ, सड़क जैसे महत्वपूर्ण विषय पर काम किया गया है। कार्यक्रम का आरंभ दीप जलाकर हुआ। उसके बाद आए हुए पत्रकारों का परियोजना प्रमुख ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

समारोह में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, अपर महाप्रबंधक प्रीति सिन्हा सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने पत्रकार साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश के कुल बिजली उत्पादन का चौथाई हिस्सा एनटीपीसी द्वारा उत्पादन होता है। कार्यक्रम का संचालन आज्ञा शरण सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन, डीजीएम एकता साहू ने किया।



पत्रकारों को संबोधित करते ऊंचाहार परियोजना प्रमुख विश्व मोहन सिंह।

वार्ता

### नंदोत्सव और श्रीकृष्ण जन्म की झांकी ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध


कथा सुनाते उमेश त्रिपाठी।

संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार। क्षेत्र के कालिकन धाम में शांति सेवा लोक कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और नंदोत्सव बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कथावाचक उमेश त्रिपाठी ने अपने मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, वामन अवतार और उनकी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी राजा कंस के अत्याचारों से मथुरा और वृंदावन की जनता त्रस्त हो गई, तब लोगों ने भगवान श्रीहरि की आराधना की। भगवान विष्णु ने कंस की बहन देवकी की कोख से आठवें पुत्र के रूप में अवतार लेकर अत्याचार का अंत किया कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। भगवान के जन्मोत्सव पर सुंदर झांकी निकाली गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं ने सोहर गीत गाकर नंदोत्सव मनाया और नंद बाबा के घर कान्हा के जन्म की खुशियां मनाईं।कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में आयोजक नंदकुमार शर्मा सहित सोनू, मोनू और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

### पवित्र विचार और ईश्वर स्मरण से जीवन बनता है सार्थक : सुरेशानन्द महाराज


श्री रामकथा को सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार। दादरा स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज धाम पर चल रही श्री रामकथा के छठे दिवस कथा व्यास सुरेशानन्द महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मनुष्य के विचार पवित्र हों और उसके हृदय में भगवान का निरंतर स्मरण बना रहे, तो उसका जीवन स्वत: ही धर्म, सदाचार और सेवा के मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। महाराज ने कहा कि आज के समय में मनुष्य अनेक प्रकार की चिंताओं और भौतिक आकर्षणों में उलझकर अपने वास्तविक कर्तव्यों से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में ईश्वर का स्मरण और सकारात्मक विचार व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करते हैं। जब मन पवित्र होता है तो व्यक्ति के आचरण में विनम्रता, करुणा और सेवा का भाव स्वत: दिखाई देने लगता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में सदैव से ही अच्छे विचार, प्रभु भक्ति और समाज सेवा को जीवन का आधार माना गया है। जो व्यक्ति अपने मन को पवित्र रखता है और ईश्वर का नाम स्मरण करता है, वह न केवल अपने जीवन को सार्थक बनाता है बल्कि समाज में भी सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है। इस अवसर पर कृपाशंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, जर्नादन तिवारी, रवींद्र तिवारी, राजमणि सिंह, उमाकांत सिंह, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, दुर्गेश तिवारी, विनय प्रकाश, धर्मेन्द्र, सर्वेश सिंह, प्रशांत, कृष्णानंद मिश्रा, संजय शुक्ला, बृजेश शुक्ला, निशांत, लकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पलक झपकते ही एटीएम कार्ड बदला, दो मिनट में 25 हजार पार, दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : धम्मौर थाना क्षेत्र के पूरे अहिरन मजरे उघरपुर निवासी राम कलप यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 9 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे वह बन्धुआकला स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे। तभी दो अज्ञात युवक एटीएम कक्ष में घुस आए और मशीन हैंग होने की बात कहकर उनका ध्यान भटका दिया। इसी दौरान चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया गया। कुछ देर बाद जब उन्होंने कार्ड देखा तो वह सुनील कुमार के नाम का निकला। तब तक ठग उनके खाते से महज दो मिनट के भीतर 25 हजार रुपये पार कर चुके थे। पीड़ित ने तुरंत बैंक को सूचना देकर खाता सीज कराया और पुलिस को भी जानकारी दी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। बंधुआ कला थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### ससुराल में मिला 3 दिन से लापता ई-रिक्शा चालक

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : देहात कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर अहिरौली गांव निवासी ई-रिक्शा चालक वसीम अहमद के लापता होने के मामले में शनिवार को नया मोड़ आ गया। सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और युवक को कुछ ही घंटों में उसकी ससुराल से सकुशल बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि वसीम गुरुवार को शहर में ई-रिक्शा खड़ा करने के बाद रामगंज चला गया था। इसके बाद शनिवार सुबह वह अपनी ससुराल पांचोपीरन पहुंच गया। इधर, घरवाले उसकी तलाश में परेशान थे और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। पुलिस ने वसीम को ससुराल से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

# उपनिरीक्षक की परीक्षा में 2281 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 7200 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें से 4919 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2281 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। इस पाली में निर्धारित 3600 अभ्यर्थियों में से 2423 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1177 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

द्वितीय पाली में भी 3600 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें 2496 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 1104 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। जिले में दो दिनों तक चलने वाली इस भर्ती परीक्षा में कुल 14,400 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की आई स्कैनिंग और बायोमीट्रिक जांच की गई, जिसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों के बाहर भी पुलिस कर्मियों की तैनाती रही और परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र के आसपास रुकने की अनुमति नहीं दी गई। कई परीक्षा केंद्र शहर से दूर होने के कारण अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। इन वाहनों की मदद से अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंच सके। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था भी सामान्य बनी रही। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकल रहे अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। गौरीगंज स्थित श्री रनंजय इंटर कॉलेज केंद्र से बाहर आए अभ्यर्थी संतोष कुमार ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य था।


परीक्षा केंद्र पर जानकारी लेते एसपी व मौजूद पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के अशरफपुर मजरे अंगुरी गांव में बिजली के खंभे के स्टे वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुर्जपाल 65 वर्ष शनिवार दोपहर को अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत के पास लगे लोहे के बिजली के खंभे के स्टे वायर में अचानक करंट उतर आया। अनजाने में जब किसान का संपर्क स्टे वायर से हुआ तो वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। मृतक के बेटे अर्जुन ने बताया कि हादसे के बाद उन्हें तत्काल हैदरगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली के खंभों और तारों की नियमित जांच नहीं की जाती, जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों में आक्रोश | ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस, तहसीलदार ने लेखपाल को सौंपी जांच

# ग्राम समाज के तालाब पर खड़े हरे पेड़ों की हो रही कटान

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम मकदुमपुर कला में ग्राम समाज की जमीन पर खड़े बेशकीमती पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर पुलिस से मिलीभगत कर रात के अंधेरे में पेड़ कटवाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने हल्का लेखपाल को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


जांच करते राजस्व विभाग की टीम।

जानकारी के मुताबिक कि गुरुवार की रात करीब आठ बजे तालाब की भूमि पर खड़े अर्रा के पेड़ों को आरा से काटा जा रहा था। सीवान में फसलों की रखवाली कर रहे किसानों को जब आरी चलने की आवाज सुनाई दी तो वे मौके पर पहुंचे। जबकि किसानों को आता देख पेड़ काट रहे लोग लकड़ी मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त तालाब ग्राम पंचायत महावीर गांव निवासी शिवम्बर निषाद के नाम करीब 15 वर्ष पूर्व पट्टे पर दिया गया था। उनके मुताबिक गांव का ही कुख्यात अपराधी मेंनहाज द्वारा पुलिस से साठगांठ कर लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं। इसके बावजूद तालाब की जमीन पर खड़े पेड़ों की चोरी-छिपे कटान किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। किसानों व ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस के साथ ही तहसील प्रशासन को भी दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**पहले भी कट चुके हैं लाखों रुपये के पेड़ः** आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ग्राम सभा की जमीन पर खड़े लाखों रुपये कीमत के कई बेशकीमती पेड़ चोरी-छिपे काटे जा चुके हैं। कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक ठोस कार्रवाई न होने से अवैध कटान का सिलसिला जारी है।

**शिकायत करने वालों पर ही दर्ज हो जाता है मुकदमा**

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि कोई व्यक्ति पेड़ों की कटान या ग्राम समाज की जमीन से जुड़े मामलों की शिकायत करता है तो उसी के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले में स्वयंवर निषाद, जगराम समेत कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत है और लोग आज भी न्याय के लिए भटक रहे हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस मामले में तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर हल्का लेखपाल राममूर्ति मिश्र को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत देखने गई युवती पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर

शुकुल बाजार (अमेठी)। बाराबंकी जिले के थाना सुबेहा क्षेत्र के शहरी इस्लामपुर गांव निवासी मनसा देवी (22) पुत्री जगजीवन शनिवार दोपहर खेत देखने गई थी। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। जानकारी मिलने पर परिजन तत्काल उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

